भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1105
गुरूवार, 15 दिसम्बर, 2022/24 अग्रहायण, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में ईको-पर्यटन के विकास के लिए उठाए गए कदम

1105. डा. सस्मित पात्राः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा राज्य में ईको-पर्यटन के विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस उद्देश्य के लिए सरकार द्वारा प्रयुक्त धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय द्वारा ओडिशा सहित देश में विकास हेतु ईको पर्यटन को निश पर्यटन क्षेत्रों में से एक के रूप में चिह्नित किया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा सहित देश में ईको-पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए अनेक कदम उठाए हैं जिनमें अन्य के साथ निम्नलिखित शामिल हैः

(i) ईको/स्थायी तथा महत्वपूर्ण पर्यटन हेतु प्राथमिकता प्राप्त वैश्विक गंतव्य के रूप में भारत को स्थापित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय ने ईको पर्यटन और स्थायी पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है।

कार्यनीतिक दस्तावेजों संबंधी प्रचालन और कार्यान्वयन को मार्गदर्शन देने के लिए सचिव (पर्यटन) की अध्यक्षता में स्थायी पर्यटन हेतु राष्ट्रीय बोर्ड का गठन किया गया है। बोर्ड की पहली और दूसरी बैठक क्रमशः दिनांक 16 अगस्त, 2022 और 31 अक्टूबर, 2022 को आयोजित की गई जिनमें ईको-पर्यटन सहित कार्यनीतिक दस्तावेजों के प्रचालन और कार्यान्वयन हेतु कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

(ii) पर्यटन मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म सोसायटी ऑफ इंडिया (आरटीएसओआई) के साथ एक-दूसरे के पर्यटन क्षेत्र में 'स्थायित्व संबंधी पहलों' को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने और सहायता करने तथा सहयोगात्मक रूप से कार्य करने के लिए कदम उठाने हेतु दिनांक 27 सितम्बर, 2021 को एक समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) निष्पादित किया।

(iii) पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन उद्योग के प्रमुख वर्गों यथा आवास इकाइयों और टूर ऑपरेटरों के लिए भारत हेतु व्यापक स्थायी पर्यटन मानदंड (एसटीसीआई) तैयार और पारित किए हैं जो ओडिशा सहित समग्र देश पर लागू होंगे।

(iv) देश में ईको पर्यटन के विकास हेतु क्षमता को पहचानते हुए पर्यटन मंत्रालय ने "ईको परिपथ" को स्वदेश दर्शन योजना के तहत 15 थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया है।

*****